Equipping and Modernising of Rajasthan Police

1976. SHRI RAMDAS AGARWAL: Will the Minister of HOME AFFAIRS be action plan;

(a) whether Government had made commitment for providing Rs. 9 crore for equipping and modernising the police on the border of Rajasthan under the Punjab action plan;

(b) if so, what is the amount paid so far to the Rajasthan Government and by when the remaining amount is likely to be paid; and

(c) whether Government propose to assist the Rajasthan Government in checking large scale smuggling of gold at present through Jaisalmer and Banner, if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE *IN* THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): (a) to (c) Facts are being ascertained and will be laid on the Table of the House.

स्वतंत्रता सैनानियों को पेंशन

1977. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों को पेंशन देने के लिए अब तक कितने आवेदन अग्रेषित किये हैं ;

(ख) अब तक कितने मामलों में पेंशन के भुगतान के आदेश जारी किये गए हैं तथा कितने आवेदन अभी लम्बित पड़े हैं ; और

(ग) पेंशन के भुगतान के लिये क्या मानदण्ड निर्धारित किया गया है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब): (क) स्वतंत्रता सेनानी पेंशन की मंजूरी के लिए आवेदन पत्र की एक प्रति सीधे मंत्रालय को भेजी जाती है । उत्तर प्रदेश से 30-9-1991 तक कुल मिलाकर ऐसे 40181 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं ।

(ख) 30-9-1991 तक, उत्तर प्रदेश के 21,689 स्वतंत्रता सेनानियों (उनके आश्रितों को मिलाकर) को पेंशन स्वीकृत की गयी है और 99 आवदन पत्र लंबित पड़े हैं ।

(ग) पेंशन की अदायगी, मुख्य लेखा नियंत्रक, गृह मंत्रालय द्वारा उस राष्ट्रीयकृत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक द्वारा की जाती है, जहां से आवेदक पेंशन प्राप्त करना चाहता है ।

नई दिल्ली नगर पालिका में भ्रष्टाचार

1978. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान नई दिल्ली नगर पालिका में भ्रष्टाचार और गबन के कितने मामलों का पता लगाया गया है ;

(ख) इसमें कितने अधिकारियों और कर्मचारियों को दोषी पाया गया है ; और

(ग) सरकार ने नई दिल्ली नगर पालिका में भ्रष्टाचार को कम करने के लिये क्या प्रयास किये हैं ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) और (ख) नई दिल्ली नगर पालिका ने सूचित किया है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान उनके अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार और गबन के 92 मामलों का पता लगाया गया । 61 अधिकारियों/कर्मचारियों को दोषी पाया गया और उन्हें दंडित किया गया ।